हरिभूमि
# विराट भूमि
जबलपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025
login : www.haribhoomi.com


## सिंहपुर में फिर सजने लगा जुआं का फड़

# कार्यवाही न होने से जुआरियों के हौसले बुलंद

नई पीढ़ी के तमाम युवा पूरी तरह से जुए की लत की गिरफ्त में हैं। दिन में ही उनके फड़ सज रहे हैं, लाखों का वारा न्यारा हो रहा है। फड़ सजाने के लिए अड्डे निर्धारित हैं। लोग बर्बाद हो रहे हैं। पुलिस सब कुछ जानते हुए भी खामोश है, सिंहपुर थाना क्षेत्र जुआ खेलने का बड़ा केंद्र है। यहां हर दिन जुआरियों का जमघट लग रहा है, जुआ खेलने वालों के लिए सिंहपुर थाना क्षेत्र मुफीद स्थान साबित हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।



जिले में चोर-उचक्कों के अलावा जुआरियों के हौसले वापस लौट आए हैं, पुलिस की सुस्ती के बाद जुआरियों की हिम्मत भी लौट गई। सिंहपुर थाना क्षेत्र के जंगलों में जुए की महफिल फिर से सजने लगी है। कुछ व्हाइट कालर्स बड़े जुआरी भी यहां जुआ खेलने आने लगे थे। इस वर्ष पुलिस का दबाव कम होते ही फिर से जुआरियों ने बड़े फड़ सजाना शुरू कर दिया है। पुलिस कार्रवाई तो कर रही है पर लाखों के फड़ में छापेमारी अब तक नहीं की जा सकी है। सिंहपुर थाना क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर जुआ खेलने की खबरें मिल रही हैं।

### नस्ल बर्बाद कर रही जुआ माफिया

जुआ अब चोरी छिपे नहीं खुलेआम हो रहा है, सिंहपुर थाना के वर्दीधारियों का संरक्षण नाल वसूलने वालों को मिला हुआ है, फड़ में धड़ल्ले से हजारों रुपए की बोली लग रही है और यही नहीं छोटे-छोटे बच्चों को भी इसमें शामिल कर लिया गया, बच्चों का यह काम है कि वह आस-पास नजर रखते हैं कि कहीं कोई देख तो नहीं रहा है। कहीं किसी किस्म का वीडियो तो कोई नहीं बना रहा, सिंहपुर के ठीहो पर छोटे-छोटे बच्चे जिन्हें चंद रुपए देकर गलत रास्तों पर चला दिया जाता है, नाल वसूलने वाले माफिया और जुआ खेलने वाले खिलाड़ी जिन्हें किसी चीज का डर नहीं है, नाल वसूलने वालों ने नौजवान और छोटे-छोटे बच्चों की जिंदगी बर्बाद कर रखी हैं। अगर कप्तान के आदेश के बावजूद ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कदम नहीं उठाया गया तो, आने वाली पीढ़ी और उनकी नस्लें पूरी तरीके से बर्बाद हो चुकी होंगी और हम कुछ नहीं कर पाएंगे।

### लती हो रहे युवा

सिंहपुर थाना क्षेत्र में ताश के पत्तों पर हजारों के दांव लगा लोग भाग्य आजमा रहे हैं। भाग्य के मोह जाल भरे खेल में सैकड़ों परिवार तबाही का शिकार हो चुके हैं। जुआरियों की गतिविधियां तेज है। सिंहपुर में रोज लाखों रूपए के जुए का फड़ लग रहा है। जुआ अब चोरी छिपे नहीं बल्कि खुलेआम हो रहा है। ताश के पत्तो पर हजारों लाखों के दांव लग रहे हैं। इस जुएं ने न जाने कितने ही परिवारों को बर्बाद कर दिया है। कहीं ताश के पत्तों पर पपलू तो कहीं किट के नए-नए नाम से जुआ के फड़ सज रहे है। इसमें युवा जुआ के लती होकर घर की पूंजी गवां बर्बादी के रास्ते पर हैं।

### पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

पहले पुलिस का नाम सुनते ही जुआरी फड़ छोड़ कर भाग खड़े होते थे। बदले समय में अब पुलिस आते-जाते रहकर जुआरियों में वसूली तक सीमित रहने के कारण जुआरियों को कानून का कोई डर नहीं रहता। थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जंगलों में बेखौफ संचालित फड़ पुलिस की मौजूदा कार्यशैली की वास्तविकता का खुलासा कर रहे हैं। सिंहपुर थाना क्षेत्र से जंगलों में धड़ल्ले से ताश के पत्तों पर जुए के फड़ सज रही हैं। आरोप है कि पुलिस ने जुआ खेलने की खुली छूट देकर कमाई का जरिया बना छोड़ा है। इससे छात्र जीवन में ही युवक इसके लती होकर घर परिवार के लोगों में कलह का कारण बने हैं। इस अवैध कृत्य से सिंहपुर का माहौल दूषित हो रहा है, चर्चा है कि नशाखोरी के बाद जुआरी आपस में ही बवाल करते हैं। जागरूक लोगों ने कप्तान से मांग की है कि क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार पर अंकुश लगवाया जाये।

## खबर संक्षेप

### पुलिस महानिरीक्षक ने किया सिंहपुर एवं खैरहा थाना का निरीक्षण

**शहडोल।** 09 जुलाई को पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा द्वारा थाना सिंहपुर एवं थाना खैरहा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा थाना परिसर में हवालात, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, सीसीटीवी कैमरे, विभिन्न संधारित रजिस्टर एवं बलवा ड्रिल सामग्री की गहनता से जांच की गई। उन्होंने जरायम रजिस्टर एवं व्हीसीएनवी रजिस्टर का विशेष रूप से अवलोकन कर उनमें पाई गई कमियों के शीघ्र सुधार के लिए निर्देशित किया। थाना प्रभारी एवं बीट प्रभारियों को गुंडा-बदमाशों की सतत निगरानी एवं नियमित चेकिंग करने के निर्देश दिए गए। ड्यूटी पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर, उन्होंने थाना प्रभारियों को बेहतर पुलिसिंग, नागरिकों के लिए पुलिस की सुलभता और जनहित में प्रभावी कार्य सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव संबंधित थानों के थाना प्रभारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### विधायक ने आजीविका भवन का फीता काट कर किया शुभारंभ



**शहडोल।** ब्यौहारी विधायक शरद कोल ने जनपद पंचायत ब्यौहारी में आजीविका भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह भवन स्थानीय महिलाओं और स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाली स्व सहायता समूह की महिलाओं को सुविधा युक्त भवन मिल गया है। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र सिंह धुर्वे, नगर परिषद अध्यक्ष कृष्ण गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं स्व-सहायता समूह की महिलाए उपस्थित थी।

### अवैध रेत से लदा ट्रैक्टर धराया

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध गतिविधियों मे संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही का निर्देश अधीनस्थ स्टाफ को दिया जा रहा है, उसी क्रम में पुलिस को अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने वाले ट्रेक्टर मय रेत लोड ट्राली के जप्त की गई। जिले के जयसिंहनगर थाना में 09 जुलाई को रात्रि गस्त के दौरान सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर से अवैध रूप से रेत लोड कर ग्राम मोहनी ढोढर तरफ से जयसिंहनगर तरफ आ रहा है। जिस पर पुलिस द्वारा तस्दीक हेतु रवाना हुए बंधा बाजार के पास उक्त ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को रोकवाकर चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनिल कुमार सिंह कंवर पिता छोटेलाल सिंह कंवर उम्र 40 वर्ष निवासी मोहनी का होना बताया। पुलिस द्वारा रेत के संबंध में दस्तावेज मांगने पर उसने कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर पुलिस द्वारा ट्रैक्टर मय रेत लोड ट्राली के जप्त कर आरोपी चालक के विरूद्ध बीएनएस एवं खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### तीन आरपीएफ कर्मचारी हुए निलंबित

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के रेलवे के आरपीएफ पोस्ट में पिछले दिनों रेलवे प्रापर्टी की चोरी हुई थी, इस मामले में तत्कालीन प्रभारी डी.के.यादव एसआई, आरक्षक राजू और आरक्षक जे.पी.यादव को सस्पेंड किया गया है। प्रतीक चौहान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के आईजी ने जांच के बाद तत्कालीन आरपीएफ प्रभारी समेत 3 कर्मचारियों को निलंबित किया है, इन्हें कुछ दिनों पहले अटैच किया था। आईजी ऑफिस के सूत्र बताते है कि आईवीजी ने पूरे मामले की जांच की थी और रिपोर्ट सबमिट करने के बाद यह काररवाई की गई है, इसके अलावा एक और जांच भी की गई, जिसमें जांच के बाद आरक्षक की भूमिका का खुलासा हुआ। आरपीएफ के अधिकारी और आरक्षकों पर लेन-देन कर रेलवे प्रापर्टी की चोरी को एक साधारण केस बनाने के आरोप लगे है। सूत्र बताते है कि इस केस से संबंधित एक ऑडियो भी वायरल हुआ था, जिसके बाद एसआईबी ने एक गोपनीय रिपोर्ट आईजी को सौंपी और वहां से जांच के आदेश दिए गए, जांच प्रभावित न हो इसके लिए एसआई और एक आरक्षक को पहले झारसुगुड़ा अटैच किया गया, इसके बाद उन्हें बुधवार को शहडोल ज्वाईन करने कहा गया। जैसे ही उन्होंने ज्वाईन किया, उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया गया।

## सांसद, विधायक एवं कलेक्टर ने किया जल भराव वाले क्षेत्रों का भ्रमण



**शहडोल।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण कई क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है, विगत 5 एवं 6 जुलाई को लगातार हुई वर्षा अतिवृष्टि के कारण नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति बन गई थी, जिससे आमजन जीवन प्रभावित हुआ था। बारिश को दृष्टिगत रखते हुए सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने नगर के टाकी नाला (कोटमा तिराहा), हाउसिंग बोर्ड सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वासन दिया कि शीघ्र ही जल भराव प्रभावित क्षेत्रों से पानी निकालकर स्थिति सामान्य की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को पम्प सेट, सफाई कर्मी एवं आवश्यक संसाधन तत्काल उपलब्ध कराने और राहत कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सांसद ने जरूरतमंद लोगों को राशन का वितरण भी किया। निरीक्षण के दौरान अनु विभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, उपाध्यक्ष नगर पालिका प्रवीण शर्मा, प्रियम त्रिपाठी, भूपेंद्र मिश्र, सुशील शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### वाहन मालिक ने कमिश्नर से की शिकायत

## ...तो डिप्टी रेंजर ने डीएफओ के नाम पर कर रहा वसूली

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।



संभागीय मुख्यालय निवासी अमन रिछारिया पिता शैलेन्द्र रिछारिया निवासी वार्ड नंबर 05 ने डिप्टी रेंजर विजय प्रजापति पर वाहन छोडऩे के नाम पर पैसों की मांग की शिकायत संभागायुक्त से की है ,फरियादी ने विजय प्रजापति डिप्टी रेंजर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वाहन क्रमांक एम.पी.18 जीए 4623 को रोक कर पैसो की मांग की तथा न देने पर गाली देकर झूठे केश में फंसाये जाने की धमकी दी। शिकायत में उल्लेख किया कि वाहन चालक अतुल सिंह गोड़ पिता राजू सिंह फरियादी का वाहन चलाने का कार्य करता है। 9 जुलाई को वाहन निजी भूमि से मिट्टी खुदाई कर मिट्टी ढुलाई का कार्य कर रहा था, उसी समय करीब 2-2.30 बजे नरसरहा डिपो के पास डिप्टी रेंजर विजय प्रजापति द्वारा वाहन को रोक कर 50 हजार रूपये की मांग करते हुये कहा कि डीएफओ श्रद्धा पेन्ड्रे का आदेश है कि यदि तुमको मिट्टी ढुलाई का काम करना है तो, पैसे दो, नहीं तो तुम्हारे ऊपर ऐसा केश बनायेंगे कि तुम्हारा वाहन और तुम जेल में सड जाओगे। फरियादी के वाहन चालक द्वारा रूपये देने से इंकार किया गया तो, विजय प्रजापति के द्वारा फरियादी के वाहन चालक को गाली देने लगा तथा कहने लगा कि हमारी मांग को पूरा करो, नही तो तुम्हे झूठे केश में फंसा देगें। फरियादी के वाहन चालक जो गरीब व्यक्ति है तथा वाहन चलाकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। उक्त डीएफओ एवं विजय प्रजापति के बिना कारण के फरियादी के वाहन को रोककर अवैध रूप से पैसों की मांग की जाती है, फरियादी ने संभागायुक्त को सौंपी शिकायत में कहा कि आशंका है कि डीएफओ एवं डिप्टी रेंजर फरियादी को झूठे केश में न फंसा दे। पीड़ित ने पूरे मामले की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## विश्वविद्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव उल्लासपूर्वक संपन्न

### मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण, कुलगुरु की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।



पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के मुख्य तथा उप परिसर में गुरु पूर्णिमा पर्व को उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। भारतीय परंपरा में गुरु की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण दोनों परिसरों में किया गया, जिसे विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और अधिकारियों ने श्रद्धापूर्वक श्रवण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा गुरु केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि जीवन पथ के पथप्रदर्शक होते हैं। गुरु-शिष्य परंपरा भारत की आत्मा है, जिसे हमें जीवित और सक्रिय बनाए रखना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जीवन में अनुशासन, साधना और सेवा को आत्मसात करें। भारत के संदीपनी शिक्षा भगवान कृष्ण को 64 कलाओं की शिक्षा दी, यह गौरव की बात है संदीपनी 11 वर्ष तक उज्जैन में शिक्षा दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने की। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, यह आत्मा के आलोक से आत्मा को जोडऩे का पर्व है। विद्यार्थी अपने भीतर के अंधकार को मिटाकर ज्ञान के आलोक से आलोकित हों — यही गुरुतत्व का उद्देश्य होता है। गुरु तत्व की विशद व्याख्या करते हुए कहा कि गुरु भौतिक शरीर नहीं गुरु तत्व के रूप में समस्त संसार में व्याप्त है, जो हमारे मानस से जुड़ा है सिर्फ हमें पुष्ट होना है और गुरु तत्व से जुडऩा है।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद पाण्डेय, डॉ. विनोद कुमार शर्मा, मुख्य परिसर प्रभारी डॉ. गीता सराफ तथा उप परिसर प्रभारी डॉ. प्रवीण शर्मा उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप आचरण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा भक्ति संगीत, गुरु वंदना एवं श्लोक प्रस्तुति भी दी गई। समारोह का समापन 'गुरुब्रह्मा गुरुर्विष्णुः' के सामूहिक उच्चारण से हुआ। गुरु पूर्णिमा के इस आध्यात्मिक अवसर ने विश्वविद्यालय परिसर को एक बार फिर भारतीय संस्कृति के उज्ज्वल मूल्यों से ओतप्रोत कर दिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.आदर्श तिवारी ने किया, कार्यक्रम में समस्त संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सह प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक ,अतिथि विद्वान ,और छात्र छात्राओं की भागीदारी रही। कार्यक्रम अंत में परिसर प्रभारी डॉ.गीता सराफ ने गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री एवं उपस्थिति सभी आभार व्यक्त किया ।

## भाजपा के भर्रेशाही का खामियाजा भुगत रही जनता: सुभाष

शहडोल।



जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा कि शहडोल नगरपालिका में ढ़ाई साल से कांग्रेस की परिषद है, जबकि पिछले 20 साल लगातार भारतीय जनता पार्टी की परिषद रही है। भाजपा के बीस वर्षों के कार्यकाल के दौरान नगरपालिका क्षेत्र मे लगातार सडक़ों व नालों मे नजूल की जमीनों पर अतिक्रमण किए गए, जिसमें भाजपा की परिषद द्वारा कब्जाधारियों को आंख बंद कर अपनी मौन स्वीकृत व संरक्षण प्रदान किया गया, जिसका खामियाजा नगरवासियों को जल भराव व संकीर्ण सडक़ों के रूप मे भोगना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नगर मे जितने भी नालों मे अतिक्रमण किया गया है, उनकी जांच कराई जाए, इनमें से सभी अतिक्रमण भाजपा की परिषद के समय के हैं, जबकि पिछले ढ़ाई साल से कॉंग्रेस की परिषद ने अतिक्रमण पर अंकुश लगाने का कार्य किया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रकृतिक आपदा मे मुआवजा देने का अधिकार नगरपालिका के पास नहीं होता, ये राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र मे आता है, इसके लिए कांग्रेस के वर्तमान संवेदनशील नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिख कर बारिश में जिन नागरिकों को आर्थिक क्षति पहुंची है, उनको मुआवजा दिए जाने की मांग भी की है।

श्री गुप्ता ने कहा नगर में भाजपा की सरकार द्वारा सीवर लाइन का कार्य चल रहा है, जिन स्थानों पर सीवर लाइन का कार्य पूरा हो जाता है, उन स्थानों पर नगरपालिका द्वारा तुरंत सडक़ का निर्माण करा दिया जाता है, किन्तु जिन स्थानों पर सीवर लाइन का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ या अधूरा है, वहां सडक़ निर्माण की इजाजत नगरपालिका को नहीं है। कांग्रेस शासित नगरपालिका द्वारा नगर मे लगातार जनहितार्थ कार्य पूरी निष्ठा और लगन के साथ किए जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने भाजपा सरकार द्वारा कराए जा रहे सीवर लाइन के कार्य के संबंध मे कहा कि सीवर लाइन के माध्यम से भाजपा पदाधिकारियों की जेब भरी जा रही हैं और यह भ्रष्टाचार के सबसे बड़े उदाहरण में से एक है।

## नशे में धुत्त ड्राइवर ने पलटाया तूफान वाहन



उमरिया।

जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत घुलघुली-नरवार मार्ग स्थित बड़ी पुल पर उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब एक तूफान वाहन एमपी 20 टीए 1981 अनियंत्रित होकर पलट गया। सौभाग्यवश, वाहन में उस समय कोई सवारी नहीं थी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूत्रों की माने तो वाहन चालक ग्राम रहठा निवासी धनी राम है, जो हादसे में चोटिल हुआ है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। चौंकाने वाली बात यह है कि हादसे के समय चालक नशे की हालत में था और यही दुर्घटना का मुख्य कारण बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह तूफान वाहन रोजाना रहठा से उमरिया तक सवारियों को ढोता है और हादसे से कुछ देर पहले भी यह सवारियां भरने की तैयारी में था। सवाल यह है कि नशे में धुत चालक को किसकी शह पर सडक़ों पर वाहन दौड़ा रहा है। ऐसी घटनाएं न सिर्फ कानून व्यवस्था, बल्कि सडक़ सुरक्षा और जनजीवन के लिए भी गंभीर खतरा हैं। आवश्यक है कि परिवहन विभाग और यातायात विभाग ऐसे वाहनों की सख्ती से जांच कर तत्काल कार्रवाई करें।



### ग्राम पंचायत तेंदुहा में आयोजित किया गया शिविर

**शहडोल।** धरती आबा जागरुकता एवं लाभ संतृप्ति कैम्प जिले अन्र्तगत चिन्हित ग्रामों में तिथिवार निरंतर जारी है। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शहडोल जिले के ब्यौहारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदुहा में धरती आबा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में आधार अपडेशन कार्य, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जनधन खाता, समग्र ई-केवाईसी, किसान सम्मान निधि, मातृ वंदना योजना आदि की जानकारी से लोगो को अवगत कराया गया। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित शिविर में आए लोगो के आयुष्मान काडऱ्, जाति प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन सहित अन्य योजनाओ से संबंधित आवेदन लिए गए व यथा संभव निराकरण किया गया।

## नगर परिषद खांड में कांग्रेस की जीत पर कार्यकर्ताओं का उत्साह



**शहडोल।** जिले की नगर परिषद खांड बाणसागर में चल रहे उपचुनाव के परिणाम 10 जून दिन गुरुवार को आ गये, कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी शशिधर त्रिपाठी (बाबू उर्मलिया) ने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध जीत दर्ज की, नगर परिषद में कांग्रेस की एक सीट पर बढ़ोत्तरी हुई, चुनाव आयोग द्वारा जारी चुनावी प्रक्रिया तिथि से ही इस चुनाव को अपने पक्ष में करने को लेकर सक्रिय कांग्रेस ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस शहडोल के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता व प्रदेश सचिव अजय अवस्थी के नेतृत्व में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार को इस सीट के लिए प्रत्याशी चयन का प्रभारी नियुक्त किया गया था, इस सीट पर प्रभार मिलते ही सक्रिय हुए। ब्लाक अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने बाणसागर के कांग्रेसजनों को एकजुट कर जिस प्रकार सर्वसम्मति से बाबू उर्मलिया की टिकट पर मुहर लगाई, उसी दिन से एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ता आपसी मनमुटाव भूलकर भाजपा की दमनकारी नीति के विरुद्ध अडिग हो गया, इसी एकजुटता का प्रमाण है कि नगर परिषद खांड में कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की जीत के पश्चात ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह जीत जनता की सजगता और भाजपा के खोखले वादों के विरुद्ध है, इस जीत से यह साबित होता है कि अगर कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करे तो परिणाम सदैव हमारे पक्ष में होंगे। इस चुनाव में हमारे बाणसागर के कांग्रेसजनों ने जिस प्रकार से एकजुटता दिखाई व काबिले तारीफ है, मैं बाणसागर के एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं।

**खबर संक्षेप**

## जिला मानीटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन समिति गठित

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के लिए जिला स्तर पर दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साझेदारी को सुनिश्चित करने, उनको दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा एवं उपायों को कारगर बना कर चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने हेतु आंशिक संशोधन करते हुए जिला स्तर पर जिला मानीटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन समिति का गठन कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में किया गया है , जिसमें जिला सूचना विज्ञान केंद्र अधिकारी , उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जन विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, सहायक संचालक जनसंपर्क, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण प्रदीप पटले विशेष शिक्षक जिला दिव्यांग एवं पुर्नवास केंद्र सदस्य , हिमांशु तिवारी सिविल सोसायटी सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा सोहनलाल चर्मकार दीन हीन दिव्यांग संगठन उमरिया अशासकीय सदस्य शामिल है। जिला स्तरीय मानीटरिंग कमेटी भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेगी।

## 14 को जिला मानीटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिले के लिए जिला स्तर पर दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साझेदारी को सुनिश्चित करने, उनको दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा एवं उपायों को कारगर बना कर चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने हेतु जिला स्तरीय समिति जिला मानीटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन का पुर्नगठन किया गया है। समिति के सभी सदस्यों को आयोग के निर्देशों से अवगत कराने के संबंध में 14 जुलाई को अपरान्ह 12.30 बजे से टी.एल. बैठक की समाप्ति उपरांत कलेक्टर सभागार कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

## ''हरियाली महोत्सव'' के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम



**उमरिया।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), राजा बाबू सिंह के कुशल मार्गदर्शन में, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य के निर्देशन में, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया की इकाई परिसर में हरियाली महोत्सव' के अंतर्गत पौधारोपण किया गया । इस अवसर पर फलदार, छायादार (बांस, नीम, पीपल, बरगद, जामुन, आम, कटहल, कुल्लू, अमरूद, कदम, आंवला आदि) 3000 पौधों का लक्ष्य रखते हुये पहले दिन लगभग 1000 पौधे लगाये गये, जो निरंतर 03 दिवस तक पौधारोपण करते हुये 3000 पौधों के लक्ष्य को पूर्ण किया जावेगा। ''हरियाली महोत्सव'' के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम में इकाई के समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों तथा प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों ने पौधारोपण किया गया।

## विश्व जनसंख्या दिवस अभियान 11 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर वी.एस.चंदेल ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस एक अभियान के रूप में मनाए जाने हेतु 11 जुलाई से 11 अगस्त तक विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में एवं ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ता एएनएम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा । उन्होंने बताया कि यह अभियान जनसंख्या से जुड़े विभिन्न मुद्दों के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है । वर्ष 2025 हेतु थीम युवाओं को एक निश्चय और आशावान दुनिया में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना है वहीं जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉक्टर एस.बी.चौधरी द्वारा बताया गया जनसंख्या वृद्धि की दर को कम करने हेतु जन जागरूकता बढ़ाना परिवार नियोजन स्वास्थ्य सेवाओं और गर्भनिरोधक उपायों के प्रति जागरूकता फैलाना लैंगिक समानता युवा सशक्तिकरण शिक्षा प्रजनन स्वास्थ्य और मातृ एवं शिशु मृत्यु जैसे मुद्दों के प्रति जागरूकता लाना है ।

### कमिश्नर से हुई निष्पक्ष जांच कराने की मांग

# फर्जी बिल लगाकर पंचायत में किया गया राशि का आहरण

**उमरिया।** जिले के जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बल्हौड़ के पंच एवं ग्रामवासियों के द्वारा आयुक्त से शिकायत की गई है, ग्राम पंचायत के सचिव हेतराम चतुर्वेदी एवं सरपंच बालक दास कोल द्वारा फर्जी तरीके से पंचायत की राशि से कई मदो में निर्माण कार्य दिखाकर फर्जी तरीके से राशि आहरित की गई थी। जिसकी शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को प्रमाण के साथ प्रस्तुत किया गया था, जिसमें समस्त बिंदुओं पर जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश था, जिसमें जिला पंचायत के द्वारा जांच कमेटी गठित कर जांच कराई गई, जिसमें आवास जो आवंटित किया गया था, वह पूर्णतः फर्जी था। नवीन तालाब बिछहाई हार में कुछ कार्य कर कर राशि आहरित की गई थी व फर्जी पाई गई थी, इसी के आधार पर जांच अधिकारियों ने सचिव एवं सरपंच को बचाते हुए दिखावे के लिए निलंबन किया गया था, लेकिन उक्त सचिव को तीन माह के अंदर पुनः बहाल कर जनपद पंचायत मानपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पतौर में वित्तीय प्रभार सहित तैनात किया गया है। सचिव द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की पूर्व में शिकायत हुई थी, खदान से सोन नदी तक सडक़ का निर्माण के नाम पर कोरमपूर्ति कर गलत तरीके से राशि आहरित कर ली गई है रोड अधूरी है, जांच टीम द्वारा तकनीकी मापदंडों के अनुरूप होना नहीं पाया गया था।

### किया शासकीय राशि का गबन

पूर्व में सचिन हेतराम चतुर्वेदी ग्राम पंचायत बारहवां में कार्यरत नहीं पाया गया, जबकि वर्ष 2010-11 से 2014 तक उक्त पंचायत में कार्य चतुर्वेदी ही थे और उसी समय में भी इन्होंने भ्रष्टाचार किए थे, इनकी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई, देवी सागर तालाब में घाट निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन एवं स्टीमेट के आधार पर कार्य नहीं कराया गया तथा ट्वेन्टी थर्टी की गिट्टी में आवश्यकता से ज्यादा बिल लगाकर राशि का गबन किया गया है, ज्ञानू केवट के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य किया गया, जिसमें स्टीमेट के आधार पर लोहा, सीमेंट, रेत के नाम पर घटिया एवं कम मजदूर लगाकर राशि का गबन हुआ है, पुरनिहा तालाब नमामि गंगे योजना के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा स्वीकृति 3 लाख 10 हजार की राशि में नाम मात्र के लिए जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टरों से तालाब के पुराने मेढ़ के नाम पर फर्जी मास्टर रोल उक्त ट्रैक्टर मालिकों के नाम से मास्टर रोल क्रमांक 16204 दिनांक 14 जुलाई 2024 को ट्रैक्टर मालिकों के नाम से फर्जी तरीके से राशि अहित कर ली गई है।



### जांच में कहा था होनी चाहिए वसूली

वर्सजही नाला में वर्ष 2019-20 पूर्व सरपंच के द्वारा कार्य शुरू कराया गया था, जिसकी शिकायत वर्तमान सरपंच व उपसरपंच के द्वारा कराई गई थी, जिसकी जांच टीम निरस्त कर दी थी, सचिव हेतराम चतुर्वेदी द्वारा 8 लाख 94 हजार 268 रुपए का फर्जी बिल लगाकर राशि आहरित कर ली गई है, जबकि कार्य अधूरा है, जांच अधिकारी ने उक्त कार्य को गुणवत्ता विहीन एवं अधूरा लिखा है, किंतु इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, उक्त कार्य को पुनः जांच कराकर दोषी व्यक्ति के ऊपर राशि वसूली की कार्यवाही की जाए।

### घटिया सामग्री का उपयोग

वर्ष 2022-23 में नाडेप निर्माण कार्य दिखाकर फर्जी राशि आहरित कर ली गई है, जिसकी जांच के बाद जांच अधिकारी ने लिखा था कि 11 नग बने हैं, शासकीय राशि को षडयंत्र पूर्वक रिकॉर्ड तैयार कर राशि गबन करने वाले सचिव के ऊपर जांच कराकर कार्यवाही की जाए, रेत माफिया के द्वारा बीच बस्ती में रोड पर अवैध भंडारण एवं रेत विक्रय परिवहन किया जाता है, जिससे आए दिन जान माल का खतरा बना रहता है, जिसकी शिकायत की गई थी, जिसमें जांच अधिकारी के द्वारा शिकायत को निराधार बताते हैं, जनपद स्तर से स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत 1000 मीटर नाली निर्माण के लिए 15 लाख स्वीकृत थी, जिसमें लगभग 250 से 300 मी निर्माण गुणवत्ता विहीन है, फिर भी फर्जी बिल लगाकर मोटी रकम निकाली गई और कार्य अधूरा है। वार्ड क्रमांक 13 में शुभम प्रजापति पंच के घर के पास पुलिया निर्माण का कार्य कराया गया है, वह भी गुणवत्ता विहीन है एवं घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है।




### फर्जी तरीके से राशि का आहरण

ग्राम पंचायत के उप सरपंच विष्णु कांत तिवारी द्वारा 2021-22 में खेत तालाब निर्माण कार्य का अवैध तरीके से अपने पद एवं दायित्वों का दुरुपयोग करते हुए बिना कार्य कराए मास्टर रोल के माध्यम से अपने पत्नी एवं अपने पुत्र के नाम पर फर्जी राशि निकाली गई, इसकी भी शिकायत की गई थी, लेकिन जांच अधिकारी द्वारा उपसरपंच के माध्यम से खेत तालाब नहीं बताया गया एवं शिकायत को निराधार बताया गया। पुनः जांच कराई जाए, इसी प्रकार देवी तालाब जनचौपाल निर्माण कार्य कराया गया, जिसमें ईंट, रेत, गिट्टी व ट्रैक्टर भाड़ा का कार्य पंकज द्विवेदी के द्वारा किया गया।

### कार्यवाही की मांग

सचिव हेतराम चतुर्वेदी सरपंच बालक दास कोल के द्वारा दूसरे वेण्डर में राशि डालकर निकाल लिया गया, जिसके खाते में भुगतान किया गया है , वह ग्राम पंचायत बल्हौड में कभी भी कोई कार्य नहीं किया है, जो ग्राम पंचायत के पंच एवं ग्रामवासी कब आए हैं, देवी तालाब में जनचौपाल का कार्य आज भी अधूरा पड़ा हुआ है, फर्जी बिल बाउचर लगाकर उक्त कार्य की पूरी राशि अआहरित कर ली गई, इसकी भी जांच कराकर उक्त सचिव एवं सरपंच के पर कार्यवाही की जावे। ग्राम पंचायत बल्हौड के शिकायतकर्ता उदयभान उपाध्याय, फूलचंद साहू, ननकू कोल, जनपद सदस्य हीराबाई पटेल, पंच रवि कुमार द्विवेदी, रामदयाल सोनी, पंच वार्ड क्रमांक 17 पंचमीरा गुप्ता एवं समस्त पंचगण कमिश्नर कार्यालय में पहुंचकर कार्यवाही की मांग को लेकर शिकायत पत्र सौंपा है।

## जिसके जीवन में गुरू नहीं उसका जीवन शुरू नहीं: कलेक्टर

### जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा गुरूजनों से मिलती है: अग्रवाल



**उमरिया।** हमारे जीवन में गुरू जनों का बहुत महत्व है। जिसके जीवन मे गुरू नही होते, उनका जीवन शुरू नही होता है । गुरूओ से प्राप्त मार्गदर्शन एवं शिक्षा के आधार पर ही हम अपना भविष्य बना सकते है । उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय सांदीपनि उमावि मॉडल विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होंने कहा कि बच्चो के पहले शिक्षक उनके माता पिता होते है, जो उन्हें अच्छे संस्कार की शिक्षा देते है, बच्चे व्दारा स्कूल में प्रवेश लेने पर उन्हे शिक्षकों व्दारा शिक्षा प्रदाय की जाती है, जो उन्हे आगें बढने की प्रेरणा देती है । उन्होने कहा कि गुरू एक नारियल की तरह होते है जो बाहर से सख्त एवं अंदर से नरम होते है । गुरू जनों का सम्मान करें । गुरू जनों व्दारा दी जा रही शिक्षा को ग्रहण करें तथा उनकी डांट फटकार का बुरा नही माने, तभी हम सफलता को प्राप्त कर सकते है।उन्होने बच्चों को गुरू पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए उच्च पदों पर पहुंचकर अपने माता पिता, स्कूल, जिले का नाम रोशन करने की बात कही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आसुतोष अग्रवाल ने सांदीपनि , गुरू द्रोण आदि गुरू जनों व्दारा दी गई शिक्षा से उनके शिष्यो पर पड़े सकारात्मक प्रभावों को बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में आगें बढने की प्रेरणा हमें गुरू जनों से ही मिलती है। गुरू के बिना जीवन अधूरा है। गुरू वह होते है जो अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाते है। आज का दिन गुरूजनों के सम्मान का दिन है। गुरूजनों का सम्मान करने पर मानव के अंदर अपने आप उर्जा का संचार बढ़ता है, जिसके उपरांत मानव कुछ भी करने में सक्षम बन जाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जनपद पंचायत सीईओ हरनीत कौर कलसी, श्री दिलीप पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस . मरावी, विद्यालय के प्राचार्य ए.पी.सिंह, डाइट के व्याख्यता सुशील मिश्रा सहित स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भोपाल से आयोजित मुख्यमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में सोहन चौधरी एवं स्कूली छात्राओ के व्दारा सरस्वती गीत एवं गुरू वंदना की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों के व्दारा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.पी.सिंह का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक लक्ष्मी कांत महोबिया ने किया । कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी ने किया।







## दिन के उजाले में चोरों ने किया हाथ साफ, सबूत देने के बाद भी पुलिस सुस्त

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** कोयला मजदूर सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जमुना कालोनी स्थित गुरुद्वारा के बगल से B/24 नंबर मकान जो राजेश शर्मा के नाम आवंटित है। 5.7.25 को दिन में 12 बजे से 4 बजे के बीच जब राजेश शर्मा ओसीएम में और उनकी पत्नी जमुना हायर सेकंडरी स्कूल में प्रिंसिपल है दोनों ड्यूटी में थे। इसी बीच अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया जिसमें चोरों द्वारा 50600 रुपए नगदी और एक सोने का 4 ग्राम का लटकन चोरी कर लिया गया जिसकी सूचना भालूमाड़ा पुलिस को दिनांक 5.7.25 को दी गई है तथा सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया गया लेकिन आज तक पुलिस चोरों का पता नहीं लगा पाई है। इसी तरह जमुना कालोनी में 7 से 8 माह पूर्व दो नर्स के मकान में भी चोरी की वारदात हुई थी जिसकी शिकायत थाना भालूमाड़ा में की गई थी लेकिन चोरों का पता आज तक नहीं चल पाया है। श्रमिक नेता श्रीकांत शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है कि भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके है कि आए दिन चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। अतः जिम्मेदार अधिकारी को स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाही करने की आवश्यकता है ताकि चोरों को पकड़कर सख्त कार्यवाही की जा सके ताकि चोर दोबारा चोरी करने की हिम्मत न जुटा सके। 5.7.25 को राजेश शर्मा के यहा हुई चोरी का सीसीटीसी फुटेज भी थाना भालूमाड़ा को दिया गया है जिसमें चोर चोरी करते स्पष्ट दिख रहे है।



## बीएलओ प्रशिक्षण का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के सुधार एवं बूथ लेवर ऑफिसर्स की शंकाओं का समाधान करने के उद्देश्य से जिले में सभी बीएलओ के प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 86- कोतमा विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर्स बीएलओ का प्रशिक्षण गुरुवार को शासकीय मॉडल स्कूल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण कर जायजा लिया और बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण में 202 बीएलओ एवं 20 बीएलओ सुपरवाईजर को मास्टर ट्रेनर्स डॉ. कौशलेन्द्र सिंह, अजय सिंह चौहान, डी.आर. बांधव, आर के मिश्रा, विजय तिवारी, संतोष सक्सेना, यू के तिवारी, सुधीर जैन, रामजी पटेल, राजमणि पाण्डेय, बी.के. विश्वकर्मा, के के गौतम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में तहसीलदार रमाकांत तिवारी सी यम ओ प्रदीप झारिया उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, संशोधन करना सहित अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकरी दी गई। इसके साथ ही सभी को बीएलओ के दायित्वों के बारे में भी बताया गया।

## निर्माणाधीन शासकीय विद्यालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### समय सीमा में कार्य पूरा करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जनपद पंचायत करकेली में 38 करोड़ की लागत से बन रहे नव निर्मित शासकीय संदीपनी उमावि मॉडल करकेली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑफिस रूम, बायो लैब, फिजिक्स लैब , कंप्यूटर कक्ष, बैठक हॉल, एन सी सी कक्ष, शौचालय, ऑडिटोरियम, क्लास रूम, कॉमन रूम आदि का अवलोकन किया । निरीक्षण के दौरान इंजीनियर एस राहुल ने बताया कि नवंबर 2025 तक निर्माण कार्य पूरा किया जाना है। वर्तमान में पुट्टी का कार्य किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी है। निर्माण कार्य वर्ष 2023 में प्रारंभ हुआ है। ऑडिटोरियम के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि यहाँ 250 बच्चों के बैठने की व्यवस्था है।कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शासकीय सांदीपनि उमावि मॉडल करकेली का निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा किया जावे। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ हरनीत कौर कलसी ,जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.मरावी, प्राचार्य शासकीय सांदीपनि उमावि मॉडल करकेली डॉ.ए.पी.सिंह, डाइट के व्याख्याता सुशील मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोयलांचल में नासूर बना प्रमुख मार्गों का अतिक्रमण

### विकराल समस्या से जूझ रहे लोग, जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के प्रमुख मार्गों में अतिक्रमण हर व्यक्ति के लिए समस्या बन गई है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा जिला यातायात विभाग को निर्देश देते हुए यह कहा गया था कि सप्ताह में दो दिन कोतमा नगर के सड़क पर लग रही दुकानों एवं पार्किंग की जगह पर व्यापारियों के द्वारा अपने निजी वाहन खड़ा करते हुए अघोषित पार्किंग का अड्डा बना लिया गया है, लेकिन यातायात विभाग के द्वारा याद दिलाने के नाम से कभी कभार नगर की सड़कों पर दिखावे की कार्यवाही करते हुए अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर लेती है।

### सड़क पर कब्जा

अतिक्रमणकारी राहगीरों के चलने वाली सड़क को भी कब्जा कर लिए है। नगर के मुख्य मार्गो में अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। सड़क किनारे जगह-जगह बड़े दुकान एवं फुटपाथी दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है जिससे सड़क सकरी हो गई है। इससे आए दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। बाजार के अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान की सीमा से बाहर भी सामान रखे रहते हैं, जिसका खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ता है। इससे सड़कों पर पैदल चलने वाले राहगीरों को फुटपाथ पर पैर रखने की जगह नहीं बची होती है। कहने को तो कोतमा नगर मे बाजार एरिया की सड़क लगभग बीस फिट की है, लेकिन दिन के दस बजते-बजते वह सड़क पांच फिट की हो जाती है। इसका मुख्य कारण यह है कि नगर के दुकानदारों के द्वारा सड़क पर ही दुकान सजा लेते हैं। जिसके कारण सड़क सिकुड़ कर सकरी हो जाती है।



### विकराल समस्या से जूझ रहे लोग

गांधी चौक से स्टेशन चौक और पुराना अस्पताल रोड से पंचायती मंदिर रोड सब्जी मंडी रोड से पोस्ट ऑफिस सड़क में दुकानदारों के द्वारा मनमाने तरीके से दुकान की सामग्री बाहर लगा कर सड़क को छोटा करते जा रहे हैं जिस पर स्थानीय प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है न ही यातायात विभाग के जिम्मेदारों के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाती हैं। कुल मिला कर आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर में सड़कों पर अतिक्रमण से समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। आमजनो को सड़को पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। दुकानों का सामान सड़क पर रखा जा रहा है। नगर में अतिक्रमण की समस्या से सब परेशान हैं। हालत यह हो गई है कि बाजार एरिया में दुकानदारों के द्वारा नाली के ऊपर ही चबूतरा बनाते हुए अतिक्रमण कर लिया गया है।

### सड़क तक फ्लैक्स बोर्ड

जिस जगह पर ग्राहको के वाहन खड़े होने चाहिए वहां दुकानदारो ने बड़े बड़े बोर्ड लगा रखे है। इस वजह से सड़क पर यातायात प्रभावित होता है। व्यापारियो के द्वारा मनमानी की जा रही है। अव्यवस्था को सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे है। नगरीय निकाय का अमला जब अतिक्रमण हटाने को लेकर सजग होता है तो व्यापारियों के द्वारा सहयोग न करते हुए विवाद की स्थिति निर्मित की जाती हैं। यही वजह है कि समस्या का हल अब तक स्थाई रूप से नहीं निकल पाया है। नगर में जाम की स्थिति को देखते हुए नगर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों एवं कोयलांचल क्षेत्र के लोग नगर मे खरीददारी करने आने से डरते हैं।उसका मुख्य कारण यह है कि नगर की सड़क अतिक्रमित हो गई है। लोग सड़क पर ही अपनी दो पहिया वाहन खड़ा करना अपना शौक समझते हैं। जिसके कारण लोग कोतमा नगर में खरीददारी करने से बच रहे हैं। उन्हें अपने वाहन खड़े करने के लिए जगह ही नही मिलती । जिसके कारण नगर का व्यवसाय भी ठप्प हो रहा है।

### बैंकों के पास नहीं पार्किंग की जगह

नगर में स्थित ग्रामीण बैंक स्टेट बैंक सेंट्रल बैंक सहकारी बैंक रहवासी क्षेत्र मे संचालित है और इन बैंकों के पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं है जिसके कारण बैंक मे आने वाले उपभोक्ताओं के द्वारा अपने वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कर दिया जाता है। जिसके कारण हर घंटे सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। राजस्व विभाग एवं जिला यातायात विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नही की जा रही है। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### फिर चर्चा में ब्यौहारी की मंडल अध्यक्षी, कल होगी घोषणा




**ब्यौहारी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के बाद संगठन प्रदेश में सुचारू रूप से चलने लगा ऐसे में शहडोल जिन मंडलों की घोषणा नहीं हुई थी उसमे ब्यौहारी- का भी नाम है ब्यौहारी मंडल अध्यक्ष के दावेदार फिर से भाग दौड़ शुरू कर चुके हैं अभी भी आस लगाए हुए हैं की मंडल अध्यक्ष का पद हमें मिलने वाला है और अपने आकाओं के पास दौड़ लगाना शुरू कर दिया है ब्यौहारी मंडल की दावेदारी में अजय गुप्ता देवगांव जो ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं और इस बार दावेदारी कर रहे हैं भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं पालक संयोजक भी रह चुके शक्ति केंद्र प्रभारी भी रह चुके हैं अजय गुप्ता का कहना है कि पार्टी मुझे मौका देती है तो मैं पार्टी का काम निष्ठा से करेंगे और मैं पार्टी का काम पूरे मनोयोग से करूंगा।

### जिला स्तरीय कार्यबल की बैठक सम्पन्न



**शहडोल।** बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजनातंर्गत जिला स्तरीय कार्यबल की बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सदस्य महिला बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में सदस्य महिला बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार ने कहा कि बेटियों की उत्तरजीविता, संरक्षण एवं शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयास किये जाए। उन्होंने कहा कि बेटियो के सशक्तिकरण के लिए बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना शुरू की गई है, बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना का उद्धेश्य लिंग के आधार पर लिंग चयनात्मक उन्मूलन को रोकना, बेटियो की उत्तरजीविता एवं संरक्षण सुनिश्चित करना बेटियो की शिक्षा एवं भागीदारी सुनिश्चित करना है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अखिलेष मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी श्रीमती कल्याणी बाजपेई, सीडब्ल्यूसी सदस्य अभिषेक चौकसे, पूर्णिमा चौधरी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थें।

### वर्षाकाल में आंखों की बीमारियों से बचने की सलाह



**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि मानसून के दौरान बहुत से लोगो को आंखो से संबंधित बीमारियां हो जाती हैं, जैसे आंखो में खुजली एवं आंखे लाल हो जाती हैं,चिपचिपी हो जाती हैं, सफेद और पीले रंग का पदार्थ जमा हो जाता है। इस रोग को आई फ्लू, कंजक्टिवाईटिस, या आखे आना के रूप में जाना जाता है। कंजेक्टिवाइटिस का संक्रमण आपसी संपर्क के कारण फैलता है, इस रोग का वायरस संक्रमित मरीज के उपयोग की किसी भी वस्तु जैसे, रूमाल, तौलिया, टॉयलेट की टॉटी, दरवाजे का हैंडल, टेलीफोन के रिसीवर से दूसरों तक पहुंचता है, कम्प्यूटर का की बोर्ड भी इसे फैलाने में सबसे बड़ा सहायक साबित होता है। आंखे आने पर बार-बार अपने आंख एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोवे, परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग तौलिये एवं रूमाल का उपयोग करे। स्वच्छ पानी का उपयोग करें, बार- बार आंखों मे हाथ ना लगाएं, धूप के चश्मे का प्रयोग करें तथा चिकित्सकों की सलाह लें।

### गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विधायक ने विद्यार्थियो को वितरित की साइकिलें



**शहडोल।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर जिले में भी स्कूली विद्यार्थियो को साइकिलें वितरित की गई। ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद कोल ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी के विद्यार्थियो को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियो को अपने सपनो की उड़ान भरने के लिए अनेको सुविधाएं दी जा रही है। इसी श्रृंखला में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 के विद्यार्थियो को विद्यालय पहुंचने में किसी भी तरह की परेशानी न हो को दृष्टिगत रखते हुए साइकिलो का वितरण किया जा रहा है।

## वन अमले के साथ एसडीएम ने सम्हाली कमान

# घुनघुटी वन परिक्षेत्र में फिर हाथियों का आंतक

उमरिया जिले के पाली विकासखंड के घुनघुटी वन परिक्षेत्र के हथपुरा एवं मालचुआ गांव में बीती रात जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने इन गाँव में कई घरों को तोडते हुए भारी नुकसान पहुंचाया है, वहीं रह रहे रहवासियों को जान बचाने के लिए घर छोड़कर भागना पड़ा।





बिरसिंहपुर पाली

पाली विकासखंड के आदिवासी ग्राम मालचुआ में सोमवार देर रात करीब चार से पांच जंगली हाथियों का झुंड गांव में घुस आया। इन हाथियों ने खेतों के बाद कई किसानों के कच्चे घरों को निशाना बनाते हुए घरों को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया ।घर में रखे अनाज धान, गेहूं और मक्का को हाथियों ने खाया और जो बचा उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिए। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने किसी तरह रात में भाग कर अपनी जान बचाई।घटना की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को दी, फौरन वन विभाग का अमला घटना स्थल पर पहुच कर लोगों का साहस बढाया। यह घटना सामान्य वन परिक्षेत्र घुनघुटी की है, जहां दो -तीन पहले से ही हाथियों का झुंड मंडराते देखा जा रहा था । जिसके लिए वन विभाग का अमला बराबर निगरानी करता रहा है । फिर भी आये दिन जिस तरह से वन्य प्राणियों ने हमला वर होकर गाँव में घरो को और मानव को निशाना बना रहे हैं , उससे मानव जीवन संकट मय हो गया है। घटना की खबर पर वन विभाग के घुनघुटी वन परिक्षेत्र के परि क्षेत्राधिकारी अर्जून बाजवा, अनुविभागीय अधिकारी वन दिगेंद्र सिंह पूरे अमले के साथ आज हाथियों को वन की ओर खदेड़ दिया गया है। इसके साथ ही अनुविभागीय अधिकारी पाली राजस्व अंबिकेश प्रताप सिंह ने घटना स्थल पर पहुँच कर घटना की तहकीकात किया । वन्य प्राणियों के बढ़ते आतंक को प्रशासन को गंभीरता से लेते हुए चाहिए कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए पूरी संजीदगी से प्रयास करें, ताकि हर दिन होने वाली वन्य प्राणियों और मानव के व्दंद पर रोक लगाई जा सकें।हाथियों के व्दारा हुए नुकसान के लिए प्रशासन को चाहिए की तत्काल मुआवजा उपलब्ध कराये ताकि बेघर लोगों को आबाद किया जा सकें।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली अंबिकेश प्रताप सिंह ने प्रभावित गाँव के लोगों को समझाइश दी है की आप लोग कच्चे मकानों में न रहे, पक्के आवासों में निवास करिये, साथ ही वन्य प्राणियों को देखते हुए तत्काल सूचना दे। घटना में प्रभावित लोगों को तत्काल उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया।

## सदस्य बाल संरक्षण आयोग ने विद्यालयों का किया निरीक्षण



**शहडोल ।** सदस्य, मध्य प्रदेश बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के गुड शेफर्ड कॉन्वेंट स्कूल में विभिन्न कक्षाओं एवं लाइब्रेरी का अवलोकन किया तथा छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं को जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालय द्वारा स्पेशल फीस के रूप में अभिभावकों से राशि ली जा रही थी जिसका विवरण अभिभावकों को नहीं दिया जा रहा था, इस पर सदस्य बाल संरक्षण आयोग द्वारा स्कूल प्रबंधन को फटकार लगाई गई। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के बच्चों का पंजीयन छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पर नहीं किया गया। जिससे इन बच्चों को छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त नहीं हो रही है। इस पर भी सदस्य द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा एक सप्ताह में कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।
सदस्य बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार ने ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी आवासीय विद्यालय विचारपुर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की कक्षाओं व छात्रावास का अवलोकन किया। उन्होने भोजन व्यवस्था की भी जानकारी ली तथा छात्र-छात्राओ से संवाद भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने की समझाईस दी। उन्होंने विद्यार्थियो को अनुशासन में रहने, सोशल मीडिया का उपयोग शैक्षणिक कार्यों के लिए करने, विद्यालय प्रबंधन के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी आनंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय पांडे, डीसी मिश्रा तथा पर्यवेक्षक श्रीमती वंदना पनिका सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर माध्यमिक विद्यालय में वृक्षारोपण व पुस्तक वितरण का कार्य कराया गया





**घुनघुटी शहडोल।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर माध्यमिक विद्यालय मे वृक्षारोपण व पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीआरसी श्री सन्तोष शिवहरे प्रधान अध्यापक श्री आर के नीरज श्री संजय बोहरे समाज सेवी अभय शिवहरे उप सरपंच सुकन्या यादव जनपद सदस्य पूनम बैगा नित्या समूह सचिव बिनीता शिवहरे व शिक्षक गण अर्चना सिंह सनत मिश्रा एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## शैक्षणिक संस्थानो में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया गुरू पूर्णिमा

### स्कूलो में विद्यार्थियो ने गुरूजनों का किया सम्मान, साइकिलों का किया गया वितरण



शहडोल।

शासन के शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न शासकीय, अशासकीय एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में गुरू पूर्णिमा उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। सांदीपनि स्कूल मउ में आयोजित गुरूजन सम्मान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि गुरू विद्यार्थी को शिक्षा के माध्यम से अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते है। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी विद्यालयों में सिखाए जाते है। सीएम राइज स्कूल का नाम संदीपनी विद्यालय के नाम से जाने जाएंगे। महर्षि संदीपनी ने गुरू शिष्य परंपरा के द्धैतक थे। उनके गुरूकुल में 64 कला 14 विद्या तथा वेद पुराण की शिक्षा दी जाती थी। भगवान श्री कृष्ण, बलराम तथा सुदामा ने भी यहां से शिक्षा प्राप्त की थी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों का स्थानीय समुदाय एवं विद्यार्थियो द्वारा सम्मान किया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाणसागर में आयोजित गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षको का सम्मान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियो के हित में अनेको योजनाएं संचालित की जा रही है। विद्यार्थियो को स्कूल शुरू होते ही निःशुल्क पाठय पुस्तक उपलब्ध कराना, कक्षा 6 एवं कक्षा 9 के विद्यार्थियो को स्कूल आने जाने के लिए साइकिल, गणवेश, स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को स्कूटी की सुविधा दी जा रही है। आपने विद्यार्थियो से कहा कि मन लगाकर पढ़े आगे बढ़े, प्रदेश और देश में अपने विद्यालय का नाम रोशन करे। कार्यक्रम में शिक्षको एवं विद्यार्थियो तथा उपस्थित गणमान्य जनो ने भी गुरू की महत्वा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कक्षा 6 एवं कक्षा 9 के विद्यार्थियो को साइकिले वितरित की गई।

राज्य स्तरीय गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरू सम्म्मान कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल स्थित कमला नगर सांदीपनि विद्यालय में आयोजित किया गया। जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विभिन्न शालाओ में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षको का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिले विभिन्न विद्यालयो में देखा एवं सुना गया। इसी तरह के कार्यक्रम जिले के अन्य स्कूलो में भी आयोजित किये गए। गोहपारू ब्लॉक में गुरु पुर्णिमा के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय गोहपारू के छात्रों को जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राम बाई सिंह एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री सुधीर सिंह की उपस्थिति में साइकिल वितरण किया गया। इसी प्रकार ब्यौहारी विकासखंड में भी साइकिल का वितरण किया गया।गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर शहडोल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर गुरु पूजन एवं रुद्राभिषेक संपन्न किया गया।

## सिंहपुर इंद्रप्रस्थ में भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव संपन्न



### हजारों गुरु भक्तों का लगा तांता, भजन भक्ति रासबोर हुआ क्षेत्र

**शहडोल।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जहां देश-विदेश में गुरु वंदन-अभिनंदन का अनुष्ठान चला रहा, शहडोल के समीप सिंहपुर इंद्रप्रस्थ रिसोर्ट में श्री रामसखा शिष्य परिवार द्वारा अनंत श्री विभूषित पूज्यपाद स्वामी संत शरण जी महाराज के पूज्य उपस्थिति में गुरुवार की सुबह से पूजा अर्चना कीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, गुरु पूर्णिमा महोत्सव में जहां शोभा यात्रा से आध्यात्मिक माहौल और गुरुजनों के प्रति श्रद्धा भाव जागृत होता रहा, वहीं दूर दराज से आए हुए गुरु भक्तों ने महाराज श्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए पूजा अर्चना और वंदना की।

### राम भजन से रसा बोर हुए गुरु भक्त

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर भक्तिमय माहौल को और अद्भुत बनाते हुए भजनों की प्रस्तुति ने पूरे महोत्सव को और भक्तिमय में बना दिया, दूर-दराज से आए हुए भजन गायको कलाकारों ने जहां पूरे आयोजन में आनंद परमानंद का माहौल निर्मित किया, वहीं आयोजन के सूत्रधार डॉ.आदित्य द्विवेदी के भजनों ने भी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### पूरे दिन चलता रहा भंडारा प्रसाद

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर जहां एक ओर गुरु वंदन अभिनंदन कार्यक्रम चला रहा वहीं सुबह के 11 से पूरे दिन भंडारे प्रसाद का आयोजन गुरु भक्तों और आमजन के लिए चलता रहा, गौरतलब है कि कार्यक्रम का आयोजन द्विवेदी परिवार एवं श्री राम शाखा शिष्य परिवार द्वारा आयोजित किया गया था।

## सांसद-विधायक ने शॉल श्रीफल भेंट कर साधु-संतों, गुरुओं का किया सम्मान

### भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में मंडलों में गुरुओं का किया गया सम्मान

शहडोल।

श्री गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सांसद, विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों ने साधु-संतों, गुरुओं का सम्मान किया। गुरुवार को श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के नेतृत्व में जिले के प्रत्येक मंडलों में श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर साधु संतों एवं धर्म गुरुओं शिक्षकों एवं विभिन्न क्षेत्र के गुरुओं का श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के अवसर पर शाल श्रीफल भेंट कर तिलक लगाकर सम्मान किया गया, भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साधु-संतों, गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम किया जाना था, श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव के शुभ अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं भाजपा कार्यकर्ता गण व अन्य जनप्रतिनिधियों ने नगर के मोहनराम जानकी मंदिर, कल्याणपुर स्थित हनुमान मंदिर, पांडव नगर स्थित गर्ल्स कॉलेज, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एवं सिंचाई विभाग कॉलोनी स्थित संगीत टीचर मुनेंद्र मिश्रा के विद्यालय में गुरुजनों का सम्मान तिलक लगाकर एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, संतोष लोहानी, शीतल पोद्दार, पिंकू शुक्ला, भूपेंद्र मिश्रा, राकेश सोनी, विनय केवट अमित मिश्रा, प्रियम त्रिपाठी ,निभा गुप्ता नीलम चतुर्वेदी,अमित गुप्ता बंटी ,सौरभ गोले, रवींद्र वर्मा,रक्कू कनौजिया,नागेंद्र गोले, अनुराग शुक्ला, आयुष पांडे, रिंकू बर्मन,अंकुर शर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है, जिसे हर साल आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाता है। आज यानी 10 जुलाई 2025 को गुरु पूर्णिमा है। शास्त्रों के मुताबिक इस तिथि पर महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म हुआ था। इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। इस दिन गुरुजनों की उपासना और उनके प्रति आभार व्यक्त करने का विधान है। इसलिए इसी उपलक्ष्य में स्कूल, कॉलेज समेत सभी शैक्षणिक संस्थानों पर गुरुजनों को सम्मानित किया जाता है।



सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि दरअसल हम सभी के जीवन में गुरु का विशेष स्थान होता है। इन्हीं के जरिए व्यक्ति जीवन जीने की कला और लक्ष्यों को पूरा करने का मार्गदर्शन पाता है। इसके अलावा गुरुजनों की सहायता से समय की अहमियत और कठिन समय की पीड़ा समझ आती हैं। यही नहीं गुरु ही सदैव हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। इसलिए उनके प्रति प्रेम, लगाव और सम्मान व्यक्त करने के लिए आज गुरु पूर्णिमा का पर्व बेहद खास है।

विधायक मनीषा सिंह ने कहा की हिंदू धर्म में पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। पूर्णिमा हर माह में पड़ती है। आषाढ़ माह में पडऩे वाली पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गुरु पूर्णिमा के पावन दिन ही चारों वेदों का ज्ञान देने वाले महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। मानव जाति के प्रति उनके योगदान को देखते हुए उनके जन्मोत्सव को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। महर्षि वेद व्यास ने ही पहली बार मानव जाति को चारों वेदों का ज्ञान दिया था। इसलिए इन्हें प्रथम गुरु की उपाधि दी जाती है।

**खबर संक्षेप**

### 14 सूत्रीय मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** ओबीसी महासभा द्वारा आरक्षण को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ओबीसी को सामान्य जनगणना में जातिगत जनगणना के साथ-साथ भारतीयों में 27 प्रतिशत आरक्षण की बात कही गई है वहीं ओबीसी महासभा ने कहा कि जिस तरह से पूरे देश और प्रदेश में ओबीसी की भागीदारी है उस हिसाब से उसे लाभ नहीं मिल रहा है ऐसे में ओबीसी महासभा जिला इकाई अनूपपुर द्वारा राष्ट्रपति के नाम एसडीएम अनूपपुर को ज्ञापन सौंपते हुए 14 बिंदुओं के आधार पर अपनी मांग रखी है। ओबीसी महासभा द्वारा कार्यकारी अध्यक्ष हीरालाल पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के नाम जिला प्रशासन को 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से ओबीसी समाज की जनगणना, आरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्याय केखिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

### शिव मारुति युवा संगठन के सहयोग से 50 से अधिक गाय को पहनाए गए रेडियम बेल्ट



**अनूपपुर।** वर्षा ऋतु में जमीन नमी युक्त हो जाने के कारण अक्सर मवेशीयो में रोड पर बैठने की प्रवृत्ति पाई जाती है, रात्रि के समय अंधेरा होने से रोड पर बैठे मवेशी स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते, जिससे वाहन टकराने से उनके दुर्घटना ग्रस्त होने की संभावना रहती है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिले में सड़क दुर्घटना में मवेशियों की मृत्यु ना हो इस दिशा में आवश्यक प्रयास करे, रोड पर बैठी गाय को हटाया जाए, रात्रि के समय मवेशी स्पष्ट रूप से दिखाई दें, इसके लिए रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट बांधे जाएं, जिसके पालन में यातायात प्रभारी ज्योति दुबे द्वारा शिव मारुति युवा संगठन के सदस्यों के सहयोग से अभियान चलाकर अनूपपुर शहर की सड़कों पर बैठे लगभग 50 मवेशियों को रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाए गए। इसके पूर्व 70 मवेशियों को रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाए गए थे, इस प्रकार 120 से अधिक मवेशी को बेल्ट पहनाए जा चुके हैं।

### मजदूर कांग्रेस में अनुभवी रेल नेताओं की खड़ी की जा रही टीम

**अनूपपुर।** मजदूर कांग्रेस में केन्द्रीय पदाधिकारी की निर्वाचन में युवाओं व अनुभवी वरिष्ठ रेल नेताओं की टीम खड़ी की जा रही है उक्त बातें नवनिर्वाचित रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण ने बिलासपुर रेल मंडल में अध्यक्ष महामंत्री के पदभार ग्रहण व स्वागत समारोह में कही रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव व जोनल मीडिया प्रभारी गोपी राव ने बताया कि नागपुर में 3 जुलाई को नागपुर अधिवेशन में जोनल कार्यकारिणी चुनाव हुए सर्वसम्मति से जोनल अध्यक्ष के रिक्त पद पर पहली बार दिलीप कुमार स्वाइन निर्वाचित हुए, वहीं जोनल महामंत्री के पद पर सर्वसम्मति से लगातार दुसरी बार पीताम्बर लक्ष्मीनारायण को चुना गया। जोनल अध्यक्ष व महामंत्री के निर्वाचित होकर प्रथम बिलासपुर आगमन पर रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में बिलासपुर मंडल के सभी शाखाओं द्वारा भव्य स्वागत समारोह जोनल मजदूर कांग्रेस कार्यालय बुधवारी बजार बिलासपुर में आयोजित किया गया जोनल अध्यक्ष दिलीप कुमार स्वाइन, जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण जोनल कार्यालय आगमन पर फुल बुके फटाके फोड़कर भव्य स्वागत किया गया। 25 वर्ष बाद मजदूर कांग्रेस बिलासपुर में नये जोनल अध्यक्ष दिलीप कुमार स्वाइन को महामंत्री बिलासपुर पितांबर लक्ष्मीनारायण ने पदभार ग्रहण कराकर आसन में बैठाया गया। महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार धल ने पदभार दिलाकर आसन में बैठाया गया।

## खाद के लिए किसानों को मिल रही तारीख पर तारीख

# किसान कैसे बनाएं कृषि को लाभ का धंधा







### किसानों की परेशानियों को लेकर पुष्पराजगढ़ विधायक ने खोला मोर्चा तीन घंटे तक चला धरना प्रदर्शन, आश्वासन के बाद माने विधायक

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर के राजेंद्रग्राम में किसानों को खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है। शासकीय खाद गोदाम में पिछले कई दिनों से खाद उपलब्ध नहीं है। यह हाल कमोबेश पूरे जिले का है। सैकड़ों किसान रोजाना सुबह से लाइन में खड़े रहते हैं। गुरुवार को परेशान किसानों ने पुष्पराजगढ़ के कांग्रेस विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को के साथ करौंदी तिराहे पर प्रदर्शन किया। किसानों ने अमरकंटक मार्ग पर जाम लगा दिया। तीन घंटे तक यहां जाम लगा रहा। इसके चलते हाईवे के दोनों और वाहनों की कतार लग चुकी है। पुलिस और कृषि विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को गोदाम ले जाकर जांच कराई। जांच में गोदाम में खाद नहीं मिली। किसानों का कहना है कि सरकारी गोदाम में डीएपी खाद 1300 रुपए में मिलती है, वहीं निजी दुकानों में 1600 से 2000 रुपए में बिक रही है। कृषि सीजन में यह समस्या किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी गोदाम से उन्हें लगातार नई तारीखें दी जा रही हैं। किसानों का प्रदर्शन करीब 3 घंटे तक चला।

#### हाईवे पर तीन घंटे से थमे रहे वाहनों के पहिये

दोपहर से जारी धरने में सैकड़ों किसान अनूपपुर-अमरकंटक मार्ग बैठे रहे, जिससे यहां पर लंबा जाम लग गया था। साथ ही अधिकारी भी विधायक और किसानों को समझाने के लिए मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्हें अधिकारियों ने खाद आपूर्ति का आश्वासन भी दिया। कृषि अधिकारी के आश्वासन पर माने। इस पूरे मामले पर कृषि अधिकारी निशा सिन्हा ने बताया कि जिले में सभी विधानसभा के लिए यूरिया आ चुकी है। बाकी बचे फर्टिलाइजर शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक आ जाएगा। इस आश्वासन के बाद पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने अपना धरना खत्म किया।

#### कलेक्टर ने लिया संज्ञान

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सोमवार को समय सीमा बैठक में इस मुद्दे पर संज्ञान लिया। उन्होंने कृषि विभाग से यूरिया, डीएपी और एनपीके सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही सभी किसानों को निर्धारित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के समस्त कृषकों को निर्धारित मात्रा में उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उनकी कृषि गतिविधियों में कोई बाधा उत्पन्न न हो साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उर्वरकों के वितरण में किसी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही तत्काल प्रभाव से की जाए।

#### कोतमा मे विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

कोतमा मे गुरुवार को कृषि विभाग के बीज उर्वरक कीटनाशक निरीक्षक एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा नगर के कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जिसमें गोयल ट्रेडर्स वार्ड नं. 2 जिनके विरूद्ध शिकायत थी कि इनके द्वारा बिना लाइसेंस के उर्वरक एवं बीज का विक्रय किया जा रहा है निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गोयल ट्रेडर्स कृषि विभाग के लाइसेन्सी विक्रेता है एवं केवल उर्वरक का ही विक्रय कर रहे है । वर्तमान में इनके गोदाम में यूरिया उर्वरक 66 टन भण्डारित है जो भौतिक रूप से एवं उर्वरक विक्रय मशीन दोनो में समान मात्रा में पाया गया इनके द्वारा लाइसेन्स की छायाप्रति दुकान में चस्पा किया गया है इन्हे स्टॉक रजिस्टर संधारित करने एवं विक्रय शत-प्रतिशत मशीन से ही करने की हिदायद दी गई है। निरीक्षक द्वारा नगर के अन्य आदान विक्रेताओं मॉ काली बीज भण्डार, गुप्ता बीज भण्डार, पटेल कृषि सेवा केन्द्र का निरीक्षण कर बीज एवं कीटनाशक की जानकारी ली गई। जिसमें कीटनाशक की उपलब्धता निरंक पाई गई, चूंकि कोतमा विकास खण्ड एक फसली क्षेत्र है साथ ही अभी धान की रोपाई का कार्य चल रहा है जिसके चलते कीटनाशकों की मांग नही होने के कारण विक्रेताओं के पास उपलब्ध नही है। बीज की शुद्धता परीक्षण के लिये 15 दिन पूर्व ही विकास खण्ड से धान की अलग-अलग किस्मों एवं कंपनियों के 28 नमूने पूर्व में एकत्रित कर परीक्षण हेतु भेजे जा चुके है। उक्त आदान विक्रेताओं के यहां स्टॉक रजिस्टर में बिक्री अनुसार जानकारी दर्ज नही थी, जिसे पूर्ण करने के लिये आदेशित किया गया एवं यह भी कहा गया कि आगामी निरीक्षण में स्टॉक रजिस्टर पूर्ण एवं सही नही पाया गया तो आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड रोपित किया जायेगा। सभी विक्रेताओं को यह भी आदेशित किया गया कि किसानों को पक्का देयक प्रदाय करें। उक्त सभी विक्रेताओं के लाइसेन्स जीवित एवं सुदृश्य प्रदर्शित पाये गये।



### डॉ प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अद्विका मिश्रा और टीम का शानदार प्रदर्शन

**अनूपपुर।** इस्कॉन द्वारा आयोजित अनूपपुर में जगन्नाथ रथ यात्रा के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन में अंतरराष्ट्रीय एवं दूरदर्शन कथक कलाकार डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में उनके शिष्यों अद्विका मिश्रा, अद्वैता ओझा एवं मोक्षित श्रीवास्तव द्वारा अदभुत प्रदर्शन किया गया।डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में उनके शिष्यों अद्विका मिश्रा, अद्वैता ओझा एवं मोक्षित श्रीवास्तव द्वारा कृष्ण की विभिन्न लीलाओं पर आधारित सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति ने वहां उपस्थित सभी गणमान्यों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अद्विका मिश्रा जिनकी उम्र महज 5 वर्ष है वो डॉ. दीक्षा झा एवं रजनीश मिश्रा, एमपीईबी चचाई की पुत्री है, इतनी कम उम्र के बावजूद भी उन्होंने कथक नृत्य की प्रस्तुति को बखूबी अपने अभिनय और मुद्राओं से खूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया। इस उम्र में जहां छोटे बच्चे पश्चात नृत्य से प्रभावित होते हैं वही अद्विका मिश्रा ने कथक नृत्य को चुनकर एक नया आयाम प्रस्तुत किया है यह बहुत ही सराहनीय है उनकी कथक गुरु डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, एक प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना और नृत्य निर्देशक है जिन्होंने तीनों बच्चों को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य ने डॉ. प्रिया श्रीवास्तव और उनकी टीम को बधाई दिया। सभी लोगों ने डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, अद्विका और अद्वैता को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति पर उद्गार व्यक्त किया। उपस्थित समाज के लोगों ने कहा कि वो इस समूह को उनके नृत्य सफर में निरंतर सफलता की कामना करते हैं और उन्हें एक प्रतिभाशाली कथक नृत्यांगना के रूप में विकसित होते हुए देखने के लिए समझ बहुत उत्सुक हैं। ये सभी कलाकार अपने नृत्य के माध्यम से समाज को को यह संदेश देते हैं कि हमारे भारत की संस्कृति एवं सांस्कृतिक धरोहर हमारी शास्त्रीय नृत्य संगीत विभिन्न कलाएं हैं जिन्हें सीखना, करना, सुनना और समझाना हमारा धर्म बनता है और यही हमारी धरोहर है। वर्तमान में डॉ प्रिया श्रीवास्तव कथक नृत्य की ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लास में कार्यरत है।

### अमरकंटक के रामघाट में डूबने से उभरते गायक की मौत अमरकंटक में गुरु पूर्णिमा पर हुआ हादसा

**अमरकंटक।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर अमरकंटक में नर्मदा नदी के रामघाट में गुरुवार को एक अत्यंत दुखद और हृदयविदारक घटना घटी। स्नान के दौरान राज भदौरिया उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बालनपुर, थाना बालनपुर, जिला भिंड की नदी में डूबने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राज भदौरिया अपने बड़े भाई अर्जुन भदौरिया और जीजा के साथ गुरुप र्णिमा के मौके पर स्नान हेतु रामघाट पहुंचा था। स्नान करते हुए राज और अर्जुन तैरते-तैरते नदी के बीच में बने फव्वारे तक पहुंच गए। इसी दौरान राज का पैर फव्वारे में लगी रेलिंग में फंस गया, जिससे वह अचानक पानी में डूबने लगा। साथ आए स्वजन और अन्य स्नानार्थियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, परंतु वह काफी देर तक पानी से बाहर नहीं निकल सका। जैसे ही घटना की जानकारी आसपास मौजूद लोगों को हुई, स्थानीय निवासी कृष्णा पाल चौहान ने तत्परता दिखाते हुए राज को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राज को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक लाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मर्ग क्रमांक 22/25 बीएनएस की धारा 194 के तहत मामला कायम कर लिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार राज भदौरिया अमरकंटक स्थित शांति कुटी आश्रम का शिष्य था।



## जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम

# जिले भर में मनाई गई गुरू पूर्णिमा, पूजे गये गुरूदेव

### आयोजनों में लोगों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

10 जुलाई गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में मां सरस्वती वंदना, गुरुजनों एवं शिक्षकों का सम्मान तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरु संस्मरण पर संभाषण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम को लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षक, सेवानिवृत शिक्षक, पूर्व विद्यार्थी एवं आमजन उपस्थित रहे वही जिला मुख्यालय अनूपपुर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर श्रीहरिनाम संकीर्तन सभा द्वारा 9 जुलाई को सुबह 9 बजे से अखण्ड मानस प्रारंभ कर 10 जुलाई को मानस के बाद सदगुरूदेव भगवान की चरण पादुका पूजा, हवन एवं भगवान की आरती के बाद प्रसाद वितरण एवं भण्डारा आयोजित किया गया। इसी तरह जिले भर मे गुरूदेव पूजे गये जहां उनका विधिवत पूजन कर आर्शीवाद प्राप्त किया





#### अमरकंटक में धूमधाम से मनाई गई गुरु पूर्णिमा महोत्सव

मध्यप्रदेश का पवित्र तीर्थस्थल, जहां नर्मदा नदी का उद्गम स्थल है, वहां गुरु पूर्णिमा का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु, साधु-संत और पर्यटक यहां पहुंचे और अपने-अपने गुरुओं को नमन किया। सुबह से ही मंदिरों और आश्रमों में विशेष पूजन, हवन और सत्संग का आयोजन हुआ। नर्मदा मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने नर्मदा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया और फिर गुरुओं की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विशेष रूप से कपिल धारा, दुर्गा धारा और नर्मदा मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। कई आश्रमों में गुरु परंपरा पर प्रवचन हुए और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर अमरकंटक का वातावरण भक्तिमय हो गया। साधु-संतों ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि “गुरु वह दीपक है जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर आत्मज्ञान का प्रकाश देता है।” यह आयोजन न सिर्फ आध्यात्मिक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।गुरु पूर्णिमा पर अमरकंटक की यह भव्यता देखने लायक रही, जिसने एक बार फिर भारत की गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा को जीवंत कर दिया। श्री कल्याण आश्रम, श्री मार्कंडेय आश्रम एवं श्री शांति कुटि आश्रम, अमरकंटक में धूमधाम से गुरु पूर्णिमा मनाई गई।

#### आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा अमरकंटक

अमरकंटक स्थित श्री कल्याण आश्रम, श्री मार्कंडेय आश्रम एवं श्री शांति कुटि आश्रम में गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सैकड़ों श्रद्धालु, साधु-संत और अनुयायी इस पावन अवसर पर आश्रमों में उपस्थित हुए और अपने गुरुओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तीनों आश्रमों में प्रातःकाल से ही विशेष कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन, गुरु पूजन, प्रवचन और भजन-कीर्तन से वातावरण पूरी तरह आध्यात्ममय हो गया। श्रद्धालुओं ने नर्मदा स्नान के उपरांत आश्रमों में जाकर गुरु चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। श्री कल्याण आश्रम में पूज्य गुरुजी के सान्निध्य में गुरु महिमा पर आधारित प्रवचन हुआ। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री मार्कंडेय आश्रम में पारंपरिक विधि-विधान से गुरु पूजा की गई। संतों ने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला और आत्मानुशासन व सेवा की प्रेरणा दी। श्री शांति कुटि आश्रम में ध्यान और साधना सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर से आए साधकों ने भाग लिया। वहां शांत वातावरण में गुरु वंदना और भक्ति गीतों की गूंज ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरु पूर्णिमा के इस पावन दिन पर अमरकंटक का संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। आश्रमों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने यह सिद्ध कर दिया कि आज भी गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति का आधार है। स्थानीय प्रशासन और आश्रम प्रबंधन द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गरिमा का भी परिचायक बना। गुरु पूर्णिमा पर अमरकंटक के आश्रमों में उमड़ा श्रद्धा का सागर, गुरु महिमा का हुआ भव्य गुणगान। गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम गुरुओं ने प्रदान किया भक्तों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री मार्कंडेय आश्रम, अमरकंटक में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत वातावरण में विशेष आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्य महामण्डलेश्वर रामकृष्णानंद जी महाराज एवं तपस्वी बाबा कल्याण दास जी महाराज ने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किया। अपने आशीर्वचनों में महामण्डलेश्वर जी महाराज ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, “गुरु ही वह दिव्य शक्ति हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को चीर कर हमें आत्मबोध और मोक्ष के मार्ग पर ले जाते हैं।” उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में सच्चे गुरु के मार्गदर्शन में चलने का संदेश दिया। तपस्वी बाबा कल्याण दास जी महाराज ने भी भक्तों को गुरु सेवा, संयम और साधना के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर भजन संध्या, सत्संग, हवन तथा प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

#### राजनगर मे भंडारे का किया गया आयोजन

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक कमलनगर, काली माता मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरु का आशीर्वाद लेकर, भंडारा का आयोजन किया। जो देर शाम तक चला। प्रसाद ग्रहण करने के लिए आसपास क्षेत्र के नगरवाशी टी.पी लाईन कालीमाता मंदिर पहुंचे। और भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया।

# एबीवीपी ने अपर कलेक्टर की उपस्थिति में किया मेधावी छात्रों के प्रतिभा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अपनी स्थापना दिवस 9 जुलाई राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष में अनूपपुर शहर के सभी प्रमुख विद्यालय एवं महाविद्यालय के प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, जिसमें मुख्य रूप से अनूपपुर जिले के जिले अपर कलेक्टर दिलीप विद्यार्थी परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष शिवकुमार मिश्र, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के प्राचार्य अनिल कुमार सक्सेना, जिले के विस्तारक शिवेंद्र चतुर्वेदी, बहन सिमरन सेन, नगर मंत्री नगर अध्यक्ष के उपस्थिति में किया गया। अपर कलेक्टर का कहना है कि भारत देश युवाओं का देश है और आज का छात्र आज का युवा भी है, इसलिए आज का छात्र कल के भारत भविष्य है। प्रान्त उपाध्यक्ष डॉक्टर शिव कुमार मिश्रा का कहना है कि विद्यार्थी परिषद एक मात्र ऐसा छात्र संगठन में जो छात्रहित समाजहित व राष्ट्रीय हित मे काम करता है, साथ ही साथ समाज की प्रत्येक गतिविधियों में 365 दिन लगातार काम करता है। समाज के प्रत्येक क्षेत्र में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण भाव से समाज कल्याण के लिए लगे रहते हैं। जिले के विस्तारक शिवेंद्र चतुर्वेदी का कहना है कि विद्यार्थी परिषद एक व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है जिसमें छात्र के सर्वांगीण विकास होता है, विद्यार्थी परिषद व्यक्ति के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण भी करता है ,इसलिए आज का छात्र समुदाय व युवा समुदाय को विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर समाज व राष्ट्र में अपनी भूमिका अदा करना चाहिए और राष्ट्र को पुनः श्रेष्ठ,समृद्ध व सशक्त बनाने में अपनी सहभागिता देनी चाहिए। तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार सक्सेना ने बच्चों के भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं छात्रों को समाज के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करना चाहिए और राष्ट्र हित की ओर अग्रसर होना चाहिए। इस कार्यक्रम में अनूपपुर नगर के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अनूपपुर नगर इकाई की घोषणा भी की गई जिसमें नगर अध्यक्ष के रूप में दुर्गेश द्विवेदी वह नगर मंत्री अभिषेक तिवारी बने। सहमंत्री के रूप में हर्षवर्धन सिंह, राजा बैरागी, दीपक तिवारी, अंकित सोनी महाविद्यालय प्रमुख अमन सिंह, सहप्रमुख अजय केवट, विद्यालय प्रमुख देवराज सिंह, सह सौरभ कुशवाहा, sfs प्रमुख आदित्य द्विवेदी, सहप्रमुख संदीप कुशवाह, sfd प्रमुख आदित्य उपाध्याय सहप्रमुख विवेक मिश्रा, खेलो भारत संयोजक शिवम चतुर्वेदी, सह संयोजक साक्षी पाठक, राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख पूनम पटेल, साक्षी महोबिया, स्टडी सर्किल प्रमुख कविराज, आनंद शर्मा, NCC प्रमुख महावीर राठौड़, अनिरुद्ध शुक्ला NSS प्रमुख सचिन रौतेल, रोहन, मेडिविजन प्रमुख पूजा सिंह, छात्रावास प्रमुख सतीश महोबिया, लोचन प्रजापति एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विनीत मिश्रा, अमन कुशवाहा, हितेश सिंह, शिव शुक्ला, लक्ष्य सिंह, श्लोक पांडे एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।